# निगम भिलाई क्षेत्र में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर के सभी 70 वार्डो में अलग—अलग दिन एवं स्थान पर शिविर लगाया जायेगा। जिससे शिविर स्थल के आस—पास निवास करने वाले नागरिको को इसका लाभ मिल सके। नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। निगम आयुक्त हितेश पिस्दा ने आयुष्मान कार्ड के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियो की डयूटी आदेश भी जारी किये है। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में बी.के.वर्मा, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिनको शिविर के लिए बैठक व्यवस्था बनवाना एवं प्रतिदिन की मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी वार्डो में शिविर लगने से पहले मुनादी व प्रचार—प्रसार कराएंगे। मिशन मैनेजर तालमेल के साथ कार्य करवाएगे एवं प्रत्येक दिन 5:00 बजे पंजीयन की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करेगे। निगम क्षेत्र के इन जगहो पर लगेगा शिविर 14 एवं 15 अक्टूबर को वार्ड 03 मॉडल टाउन पंचमुख गार्डन सांस्कृतिक मंच, वार्ड 16 सुपेला बाजार सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार व शिव मंदिर शंकर पारा, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी मंगल बाजार प्रागंण में, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व सड़क 10—11 गणेश मंच में। 16 एवं 17 अक्टूबर को वार्ड 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर हनुमांन मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प—02 गौरवपथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी तिरंगा चौंक स्कूल प्रांगण में, वार्ड 60 सेक्टर 05 पश्चिम डोम शेड संत विजय ओडिटोरियत। 18 एवं 21 अक्टूबर को वार्ड 05 कोसानगर राधाकृष्ण मंदिर व सामुदायिक भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशालीनगर ईडब्लूएस ई—79 पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड पार्षद कार्यालय मिलन चौंक, वार्ड 42 गौतम नगर पोस्ट आफिस ग्राउण्ड में, वार्ड 61 सेक्टर 06 पूर्व एचएससीएच कालोनी डोम शेड में व सी मार्केट शेड मंच के पास।